प्रकाशनार्थ

लाइफ पर यूथ पार्लियामेंट

पटना, 20 मई, 2023 | एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टिट्यूट के सेंटर फॉर स्टडीज ओन एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट द्वारा आज 'पर्यावरण के लिए जीवन शैली पर युवा संसद' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जलवायु परिवर्तन संवाद में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और जमीनी कार्रवाई के लिए किया गया। लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (LiFE) के विभिन्न पहलुओं पर वाद-विवाद सह चर्चा प्रतियोगिता के लिए बिहार के विभिन्न कॉलेजों से स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के नामांकित छात्रों को आमंत्रित किया गया । यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पूरे देश में 60 से अधिक पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम (EIACP) हब और संसाधन भागीदारों के सामूहिक प्रयास का हिस्सा है। ज्यूरी सदस्यों में पटना विश्वविद्यालय के प्रो. अतुल आदित्य पांडेय, पटना विश्वविद्यालय की प्रो. शाहला यास्मीन, और जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डॉ. गोपाल शर्मा और आद्री के श्री विवेक तेजस्वी शामिल थे, जिन्होंने 35 नामांकित उम्मीदवारों में से 10 उम्मीदवारों को चयनित किया। ये चयनित उम्मीदवार, बिहार की तरफ से भारतीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दूसरे चरण के परिणामों के आधार पर, पांच उम्मीदवारों को 5 जून 2023 को दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर यूथ आइकॉन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नामांकित प्रतिभागी बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, नालंदा विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और अन्य जैसे संस्थानों से थे।

(अंजनी कुमार वर्मा)